कार्यालय, प्रधानाचार्य, महर्षिदेवरहाबाबास्वशासीराज्य चिकित्सामहाविद्यालय, देवरिया, उ0प्र0 274001
Office, Principal, MaharshiDevarha Baba Autonomous State Medical College, Deoria, UP-274001
Website: - mdbmc.in Tel.No- 05568297433 email: - mdbmc2022@gmail.com

पत्रांक / मे0का0दे0 / एस0आर0 / नियुक्ति / 2023–24 / . दिनांक 27/04/23

कार्यालय आदेश

इस कार्यालय के पत्रांक–मे0का0दे0 / 2021–22 / 1862, दिनांकः–14.01.2022 के विज्ञप्ति द्वारा महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया हेतु विभिन्न विभागों में सीनियर रेजिडेन्ट में हुई नियुक्ति एवं उसके उपरान्त विभिन्न कारणों से हुई रिक्त पदों के सापेक्ष वेतनमान रु0 15600–39100 एवं ग्रेड वेतन रु0 6600 में वॉक इन इन्टरव्यू (Walk in Interview) के आधार पर **बाण्डधारक / आरक्षण श्रेणी अभ्यर्थियों की तैनाती के उपरान्त कार्यभार ग्रहण करने की अवधि तक** के लिए दिनांक 19.04.2023 को साक्षात्कार आयोजित किया गया था। उक्त साक्षात्कार में कमेटी की संस्तुति के आधार पर सीनियर रेजीडेन्ट पद पर चयनित अभ्यर्थी की सूची विभागवार निम्नानुसार निर्गत की जा रही है–

क्र0सं0	अभ्यर्थी का नाम	पिता / पति का नाम	कटेगरी	विभाग	मो0न0
01	डा0 शुभम उपाध्याय	श्री चन्द्र शेखर उपाध्याय	सामान्य	जनरल मेडिसिन विभाग	8319354537

महानिदेशक कार्यालय के पत्र संख्या–एम0ई0–3 / 2022 / 1540, दिनांक–30 जून 2022 के सन्दर्भ में सीनियर रेजीडेन्ट की नियुक्ति जनहित, संस्था हित एवं रोगी हित के लिए किया जा रहा है जो कि **बाण्डधारक / अनुसूचित श्रेणी के अभ्यर्थी की तैनाती के उपरान्त कार्यभार ग्रहण करने की अवधि तक के लिए मान्य है** एवं चयनित अभ्यर्थियों को आदेशित किया जाता है कि अविलम्ब महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया में उपस्थित हो कर निम्न शर्तो के अधीन कार्यभार ग्रहण करना सुनिश्चित करें।

01. यह आवश्यक होगा कि नियुक्ति आदेश के 05 कार्य दिवस के भीतर संस्था में अपना कार्यभार ग्रहण कर ले। उक्त कालावधि में कार्यभार ग्रहण न करने की दशा में नियुक्ति स्वतः रद्द मानी जायेगी।
02. सीनियर रेजिडेन्ट मरीजों को प्राइवेट में देखने के लिए बाध्य नही करेगा और न तो कही प्राइवेट प्रैक्टिस करेगा।
03. सीनियर रेजिडेन्ट को महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया में आकस्मिक अनुभाग / कोविड–19 / आपदा सेवाओं के लिए हमेशा उपस्थित रहना होगा।
04. कार्यो में शिथिलता एवं सेवाये संतोषजनक न पाये जाने पर आपकी सेवायें तत्काल समाप्त कर दी जायेगी।
05. यह नियुक्ति सम्बंधित विभागाध्यक्ष द्वारा त्रैमासिक समीक्षा एवं मूल्यांकन के आधार पर अधिकतम एक वर्ष या महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण से अनिवार्य शासकीय बान्ड पर सीनियर रेजिडेन्ट की नियुक्ति से जो पहले हो के लिए मान्य होगी।
06. विशेष परिस्थितियों को छोड़कर लगातार दो दिन से अधिक आकस्मिक अवकाश की अनुमति नही होगी। आकस्मिक अवकाश के अतिरिक्त कोई अन्य अवकाश देय नही होगा।
07. कार्यस्थल पर नियमितता एवं समयबद्धता अनिवार्य है। बिना प्रतिस्थानी की उपलब्धता के कार्यस्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।
08. किसी भी प्रकार का हडताल या आन्दोलन करने पर नियुक्ति तत्काल समाप्त कर दी जायेगी।

प्रधानाचार्य
महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य
चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया।
तद्दिनांक

पत्रांक / मे0का0दे0 / एस0आर0 / नियुक्ति / 2023–24 / 247
प्रतिलिपिः-- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0, लखनऊ।
02. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
03. मण्डलायुक्त गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर।
04. प्रभारी अधिकारी, अधिष्ठान, मेडिकल कालेज, देवरिया।
05. प्रभारी अधिकारी बेवसाइट, मेडिकल कालेज, देवरिया को इस निर्देश के साथ कि उक्त कार्यालय सूचना को कालेज बेवसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।
06. सम्बंधित विभागाध्यक्ष
07. वित्त नियंत्रक, महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया।
08. सूचना, पट, कालेज।
09. गार्ड फाईल।

प्रधानाचार्य
महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य
चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया।